जनगणना कार्य निदेशालय में साइबर सुरक्षा एवं साइबर स्वच्छता पर प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रायपुर।

दिनांक 06 नवंबर 2026 को जनगणना कार्य निदेशालय, छत्तीसगढ़ में "IT, Cyber Security and Cyber Hygiene" (आई.टी., साइबर सुरक्षा एवं साइबर स्वच्छता) विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।





इस विशेष प्रशिक्षण सत्र में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) के संयुक्त निदेशक (आईटी) श्री अमित कुमार देवांगन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने साइबर सुरक्षा के विभिन्न आयामों पर अपना व्याख्यान दिया तथा दैनिक कार्यप्रणाली एवं डिजिटल व्यवहार में साइबर स्वच्छता बनाए रखने के लिए आवश्यक एवं उपयोगी बिंदुओं पर कर्मचारियों के साथ विस्तृत चर्चा की।

कार्यक्रम में जनगणना कार्य निदेशालय के सभी 41 अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई और डिजिटल सुरक्षा से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं को समझा। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों को अपने दैनिक एवं शासकीय कार्यों में साइबर स्वच्छता अपनाने और सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए साइबर सुरक्षा शपथ भी दिलाई गई।

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC), छत्तीसगढ़ के उप-महानिदेशक एवं राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी श्री तेज नारायण सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में शासकीय डेटा की सुरक्षा और साइबर hygiene के प्रति जागरूक रहना प्रत्येक कर्मचारी का नैतिक एवं प्रशासनिक दायित्व है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से विभाग की डिजिटल कार्यप्रणाली और अधिक सुरक्षित एवं सुदृढ़ बनेगी।

मीडिया विभाग,
रा सू वी के, छत्तीसगढ़